# विदेश में चीनी के मूल्य में तेजी

**न्यूयॉर्क** • विश्व बाजार में पिछले सप्ताह रॉ शुगर के मूल्य में करीब चार फीसदी की भारी-भरकम गिरावट दर्ज की गई। पिछले सप्ताह के आखिरी दिन यानि शुक्रवार को आईसीई एक्सचेंज में मई डिलीवरी रॉ शुगर 0.05 सेंट (0.3 फीसदी) गिरकर 17.36 सेंट प्रति पाउंड रह गई। एक सप्ताह पहले के बंद भाव के मुकाबले आलोच्य सप्ताह में इसके दाम करीब चार फीसदी कम हो गए। हाजिर में रॉ शुगर के दाम घटकर 17.25 सेंट प्रति पाउंड रह गए। लिफ्फे एक्सचेंज में अगस्त डिलीवरी व्हाइट शुगर 1.90 डॉलर (0.4 फीसदी) गिरकर 500.60 डॉलर प्रति टन रह गई। यूरोप के एक कारोबारी ने कहा कि एशिया और अफ्रीका के उपभोक्ता देशों के खरीदार सक्रिय रहे। चीन भारत की रॉ शुगर खरीदने में दिलचस्पी ले रहा है। चीन के प्राइवेट खरीदारों ने भारतीय निर्यातकों के साथ कई सौदे किए हैं। दुनिया के सबसे बड़े चीनी उत्पादक देश ब्राजील में उत्पादन बढ़ने की संभावना से मूल्य में गिरावट आ रही है।

बिजनेस भास्कर

29/4/13